तापमान

अधिकतम 31 .5 डिग्री
न्यूनतम 10 .6 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 3 नवंबर 2025



11 राठ स्कूल में 13250 विद्यार्थियों ने दी टैलेंट सर्च परीक्षा, नौ को घोषित होगा परिणाम





12 शहर के टीबी मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की मुहिम शुरू, टीमें कर रहीं वार्डों में सर्वे




## सरकुलर रोड सहित मुख्य बाजार में बिगड़ रही व्यवस्था

# शादियों का सीजन शुरू होते ही बाजारों में बढ़ी भीड़, अतिक्रमण व चौपहिया वाहन बने आफत

### बाजार में घुसते ई-रिक्शा व चौपहिया वाहन लगा रहे जाम

### नगर परिषद की ओर से बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

देवउठनी ग्यारस से शादियों के सावे शुरू हो चुके है। शहर के मुख्य बाजारों में शादी की खरीददारी के लिए लोगों की काफी भीड़ पड़ रही है, लेकिन शहर के मुख्य बाजार में लंबे अरसे से व्याप्त अतिक्रमण लोगों के लिए पेरशानी बना हुआ है। अतिक्रमण के कारण बाजार में जाम की स्थित पैदा होने से पैदल चलने वाले लोगों को भी निकलने में मशक्कत करनी पड़ रही है। नगर परिषद की ओर से बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है। शहर का सरकुलर रोड भी पूरी तरह अवैध पार्किंग व अतिक्रमण की चपेट में है। बाजार से गुजरते चौपहियां वाहनों, ऑटो व ई-रिक्शा जाम लगाने के साथ लोगों के लिए परेशानी पैदा कर रहे है। शहर के मुख्य मार्गो व बाजार में सड़क पर अवैध पार्किंग में खड़े वाहन भी अव्यवस्था फैलाने में कसर नहीं छोड़ रहे है। मेन बाजार मोती चौक से गोकल गेट तथा रेलवे रोड की स्थिति ज्यादा खराब है। मुख्य बाजार में सड़क पर रखा दुकानदारों का सामान जगह घेरे हुए है, वही सड़क के बीचोंबीच खड़ी रेहड़ियां भी परेशानी बनी हुई है। शहर के बाजारों में दुकानदारों ने सामान रखकर 10-10 फीट तक कब्जा किया हुआ है, जिससे सड़कें सिकुड़ कर रह गई है।

### शहर की यहां बिगड़ी हुए है हालात

सरकुलर रोड व बाजार में फुटपाथों के साथ सड़क तक सामन रखा जा रहा है। सरकुलर रोड पर बस स्टैंड के बाहर, अंबेडकर चौक, धारूहेड़ा चुंगी, नाईवाली चौक, रेलवे रोड, कानोड गेट, झज्जर चौक पर अतिक्रमण व्याप्त है। बाजार में भाड़ावास गेट, पुरानी सब्जीमंडी, मोती चौक, गोकलगेट बाजार, काठमंडी, रेलवे रोड बाजार, बजाजा बाजार, गुड़ बाजार, पंजाबी मार्केट, पुरानी अनाजमंडी, जीवली बाजार व केवल बाजार में अतिक्रमण हो रहा है।



गोकल गेट से मोती चौक बाजार में लगा जाम।

### प्रशासन को उठाने होंगे ठोस कदम

शहर के बाजार व सरकुलर रोड को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर परिषद की ओर से कई बार योजनाएं तैयार की जा चुकी है, लेकिन ये योजनाएं एक सप्ताह में ही दम तोड़ देती है। नगर परिषद का पीली पट्टी लगाने का फार्मूला कई बार फेल भी हो चुका है। प्रशासन की ओर से भी इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। नगर परिषद की ओर से दुकानदारों व रेहड़ी वालों का सामान जब्त करके चालान भी काटे जाते है। अतिक्रमण का मुद्दा कई बार नप की हाउस की बैठक में भी उठ चुका है, लेकिन पिछले एक दशक से समाधान नहीं हो पा रहा है।



रेवाड़ी। रेलवे रोड बाजार में सड़क पर रखा दुकानों का सामान। फोटो :हरिभूमि

### नगर परिषद की व्यवस्था हो रही फेल

*शहर के सरकुलर रोड व बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर परिषद की योजनाएं कई बार फेल हो चुकी है। यहां तक कि प्रतिबंध के बावजूद भी धड़ल्ले से संडे बाजार लगाया जा रहा है। बंद दुकानों के आगे फड़ी लगाकर सामान बेचा जा रहा है। इसके अलावा बाजार में सड़क पर लगी रेहड़ियां भी परेशानी बनी हुई है। रेहड़ी वाले एक जगह न खड़े होकर भीड़भाड़ वाली जगह रेहड़ी खड़ी करके व्यवस्था बिगाड़ रहे है।*



रेवाड़ी। बाजार में लोगों के बीच घुसे चौपहिया वाहन। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईवाली करने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि चांदावास निवासी योगेश मॉडल टाउन एरिया में सट्टा खाईवाली कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया। कब्जे से सट्टे की 1330 रुपये राशि और पर्चियां बरामद हुई हैं। बाद में आरोपी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया। उसे निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 6 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने बिजवासन निवासी विवेक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 23 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस हादसे में दो लोग घायल हो गए थे। मामले की जांच के बाद पुलिस ने धारूहेड़ा के आजाद नगर निवासी मनीष को लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### डवाना नहर में मिला एक व्यक्ति का शव

**रेवाड़ी।** रविवार को गढ़ी बोलनी रोड के पास डवाना नहर से एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने शव को नहर से निकलवाने के बाद शिनाख्त के लिए सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि पंप हाउस के पास नहर में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के साथ थाना कसोला पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। आसपास के गांवों में सूचना देकर शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। मृतक की उम्र करीब 50 साल मानी जा रही है। उसने काली पेंट व सफेद शर्ट पहनी हुई थी। ऐसा माना जा रहा है कि शव चार-पांच दिन पुराना है। बाद में शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया।

### गोलियाका की तनु यादव ने नीट परीक्षा में पाई सफलत

**रेवाड़ी।** जिले के गांव गोलियाका की होनहार छात्रा तनु यादव ने अपने पहले ही प्रयास में नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 14288 प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की है।



तनु यादव।


तनु यादव ने सफलता के आधार पर बीपीएस गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज खानपुर कलां सोनीपत में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किया है। इस सफलता पर तनु के पिता संजय कुमार व मां पूनम यादव ने कहा कि परिश्रम और आत्मविश्वास सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। इस उपलब्धि पर गावं के सरपंच मनीष यादव सहित सभी पंचों व ग्रामवासियों ने तनु यादव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### गुरुग्राम महानगर से भी प्रदूषित हुआ धारूहेड़ा, कंट्रोल करने के उपाय साबित हो रहे कागजी

# धारूहेड़ा की हवा में बढ़ रहा 'जहर', 434 पर पहुंच गया एयर क्वालिटी इंडेक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

आसमान से बादल साफ होने और तेज हवाएं चलने के बावजूद धारूहेड़ा में प्रदूषण का खतरा बढ़ता जा रहा है। एक्यूआई बढ़कर 434 तक पहुंच गया है, जो साथ लगते गुरूग्राम महानगर से भी काफी ज्यादा है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के प्रयास कागजी साबित हो रहे हैं। लोगों का साफ हवा में सांस लेना मुश्किल बना हुआ है। ग्रेप-3 स्टेज की पाबंदियां भी जल्द लागू हो सकती हैं। दिवाली पर्व के बाद से ही धारूहेड़ा का एक्यूआई बढ़ा हुआ है। इसमें उतार-चढ़ाव तो आ रहा है, परंतु यह 300 से कम नहीं आ पा रहा है। बीते सप्ताह आसमान में बादल छाने के कारण उम्मीद जताई जा रही थी कि आसमान साफ होते ही प्रदूषण का स्तर भी कम हो जाएगा।



रेवाड़ी। शहर में कचरा जलाने से फैल रहा धुआं। फोटो :हरिभूमि

### आंखों में जलन की शिकायत रही

रविवार को यह कम होने की बजाय बढ़कर 434 पर पहुंच गया। इसे काफी खतरनाक माना जाता है। इसके मुकाबले राजस्थान के भिवाड़ी औद्योगिक कस्बे का एक्यूआई 411 दर्ज किया गया। गुरूग्राम का एक्यूआई 350 से भी कम रहा। रविवार को भी आसमान में धुएं की चादर बनी रही। लोगों को आंखों में जलन की शिकायत रही, जब श्वास रोगियों के लिए घर से बाहर निकलना भी मुश्किल बना रहा। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से किए जा रहे उपाय पूरी तरह कागजी साबित हो रहे हैं।

### औद्योगिक एरिया में प्रदूषण का डबल अटैक

औद्योगिक एरिया में प्रदूषण का डबल अटैक काम कर रहा है। बावल एचएसआईआईडीसी एरिया में जहां कचरे के ढेरों का जलाया जा रहा है, वहीं टूटी सड़कों से उड़ने वाली धूल प्रदूषण बढ़ाने का काम कर रही है। हवा में नमी का असर कम होकर 45 प्रतिशत तक रह गया है। हवाएं तेज गति से चल रही हैं। आसमान साफ होने के बावजूद प्रदूषण पर कंट्रोल नहीं हो पा रहा है। यही हाल रहा तो जल्द ग्रेप-3 पाबंदियां भी लागू हो जाएंगी। टूटी सड़कों से लगातार धूल के गुब्बार उड़ रहे हैं, परंतु इन पर पानी का छिड़काव तक नहीं कराया जा रहा। प्रशासन की ओर से ग्रेप की पाबंदियां लगाने का असर भी कागजों तक सीमित नजर आ रहा है।

# स्टोक मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 9.46 करोड़ की ठगी के दो और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गांव पिथनवास निवासी एक व्यक्ति से स्टोक मार्केट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 9.46 करोड़ रुपए की साइबर ठगी करने के मामले दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कर्नाटक के मैसूर के क्रॉस रोड गोसिया नगर निवासी मोहम्मद आफताब व मैसूर के क्रॉस रोड मंडी मोहल्ला हाल आबाद शांति नगर मैसूर निवासी मोहम्मद अबू बकर सिद्दकी के रूप में हुई हैं। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। गांव पीथनवास निवासी जयकृष्ण आभीर 24 अगस्त को सोशल मीडिया पर व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ा था, जिसके बाद उसका आरोपियों से संवाद होना शुरू हो गया। आरोपियों ने उससे स्टोक मार्केट में इन्वेसमेंट करने की बात कहकर उसके मोबाइल पर एप्लीकेशन इंस्टॉल करा दी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी के आरोपी।

### पुलिस ने मामला दर्ज किया

आरोपियों ने उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9 करोड 46 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। जब उसने यह राशि वापस निकालने का प्रयास किया तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त चार आरोपी जिला गुरूग्राम के नरहेड़ा निवासी अजय ओमपाल, बिहार के जिला पटना के वैस्टेर रामकृष्णत नगर निवासी पृथ्वी राज चौहान, बिहार के जिला पटना के विकर सैक्सजन कॉलोनी कंकडबाग निवासी तरूणचन्द्रम झां व कोलकाता के गोबरा गोरस्थान रोड निवासी शुभम माली को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

# अस्पताल की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अपना क्रमिक अनशन जारी रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

सरकारी अस्तपताल बनाने की मांग को लेकर रामगढ भगवानपुर धरना सात दिन से क्रमिक अनशन चल रहा है। रविवार को अनशन पर बुड़ानी के बुजुर्ग चौधरी मोहर सिंह व इन्द्रजीत नंबरदार रामगढ़ बैठे। तुर्कियावास गांव के पूर्व इन्स्पेक्टर शेरसिंह, अमर सिह व चांद सिंह ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर आंदोलनकारियों ने अपनी मांग के समर्थन में अस्पताल बनने तक संघर्ष जारी रखने की शपथ ली। रविवार को धरने का 139वां दिन रहा तथा धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। मंच संचालन हनुमंत उर्फ पिलानी ने किया।



रेवाड़ी। अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करते ग्रामीण।

### धरने पर ये मौजूद रहे

धरने पर रामगढ भगवानपुर सहित क्षेत्र के गांव बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी फदनी, बालियर खुर्द, मीरपुर, तुर्कियावास, सुनारिया, असदपुर, खटावली,ढोहकी, डाबड़ी, नयागांव, गोकलपुर जांट, जांटी व माढैया कला के सैकड़ों लोग शामिल हो रहे है। अस्पताल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक और सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार ने कहा कि जब तक गांव की जमीन पर अस्पताल बनाने की घोषणा नही होती तब तक धरना व आंदोलन जारी रहेगा।

# इंद्रजीत हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

गत 31 अक्टूबर की रात पिथड़वास में एक लग्न समारोह के दौरान गोली मारकर की गई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उनसे हथियार व वाहन की बरामदगी की जाएगी। बधराना निवासी करीब 32 वर्षीय इंद्रजीत अपने गांव निवासी ओमहरी व दिनेश के साथ पिथड़ावास निवासी तरुण के लग्न समारोह में भाग लेने के लिए बाइक लेकर गया था। वहां जड़थल निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू व मनेठी निवासी तरुण उर्फ मोनी छत पर बैठकर शराब पी रहे थे। बाद में दोनों का पंडाल में इंद्रजीत के साथ झगड़ा हो गया था। जितेंद्र उर्फ जीतू ने आवेश में आकर इंद्रजीत पर गोली दाग दी थी। गोली गर्दन के पास लगने के बाद इंद्रजीत गंभीर रूप से घायल हो गया था।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी।

### भाई के बयान पर दर्ज हुआ केस

पुलिस ने मृतक इंद्रजीत के भाई पप्पू के बयान पर कई आरोपियों के खिलाफ हत्या व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पप्पू ने आरोप लगाया था कि उसके भाई की तरुण उर्फ मोनी व उसके तीन-चार साथियों ने गोली मारकर हत्या की है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सीआईए को भी हत्या के आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी के आदेश दिए थे। पुलिस ने जितेंद्र और मोनी को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उन्हें कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

## कल से फिर मौसम में बदलाव की संभावना, जल्द बारिश के आसार नहीं

# आसमान साफ होते ही बढ़ा दिन का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

बीते सप्ताह लगातार आसमान में बादल छाए रहने के बाद आसमान साफ हो गया है। बादल छंटने के बाद तेज धूप निकलते ही दिन का पारा चढ़ना शुरू हो गया है। रात का तापमान गिरने से सर्दी का असर बढ़ना शुरू हो गया है। इस सप्ताह मंगलवार को आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं, लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है। रविवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। प्रदूषण के कारण धुएं की चादर असमान में जरूर बनी रही। सुबह से शाम तक तेज धूप खिली रही। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 31.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री की बड़ी गिरावट के साथ 10.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे दिन के समय मौसम का मिजाज गर्म हो गया। सुबह और शाम के समय सर्दी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने लगी है। लोगों को सुबह के समय धूप सुहानी लगने लगी है। लोग पार्कों में बैठकर धूप सेंकते नजर आने लगे हैं। एसी और कूलरों का चलना पहले से ही बंद हो गया है, जबकि पंखे दिन के समय ही चलाए जा रहे हैं। रात के समय लोगों ने रजाई संभालनी शुरू की दी हैं।

### रात का पारा गिरने से बढ़ने लगा ठंड का असर



रेवाड़ी। रविवार को शहर में साफ रहा मौसम। फोटो : हरिभूमि

### तेज गति से हवाएं चल सकती हैं

मौसम विभाग के अनुसार कमजोर विक्षोभ की सक्रियता से 4 नवंबर को आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। इसके बाद मौसम साफ होने की संभावना है। बरसात की अभी कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। तेज गति से हवाएं चल सकती हैं। दिन के तापमान में अभी और वृद्धि दर्ज हो सकती है।


### फसलों के लिए मौसम बना अनुकूल

इस बार तापमान सामान्य से कम रहने के कारण सरसों की फसल के लिए मौसम अनुकूल बना हुआ है। बीते वर्ष नवंबर के पहले सप्ताह तक दिन का तापमान ज्यादा रहने के कारण किसानों की अंकुरित होने वाली फसल को नुकसान हुआ था, जिससे कई किसानों को सरसों की दोबारा बिजाई करनी पड़ी थी। इस बार मौसम ठंडा रहने के कारण सरसों का तेजी से विकास हो रहा है। बिजाई का कार्य पूरा होने के बाद किसान अब गेहूं की बिजाई करने में लगे हुए हैं।

## हरियाणा स्थापना दिवस में शामिल हुए रेवाड़ी के कलाकार



**रेवाड़ी।** पंचकूला में हरियाणा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन यवनिका गार्डन सेक्टर-5 में किया गया। कार्यक्रम का हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया। कार्यक्रम में हरियाणा थीम पर फोक फ्यूजन सांस्कृतिक कार्यक्रम में तीन राज्य हरियाणा, वेस्ट बंगाल और मणिपुर ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। आर्ट एंड कल्चर डिपार्टमेंट के माध्यम से संजय शर्मा के सानिध्य में कोरियोग्राफ किया गया, जिसमें हरियाणा टीम के लीडर और तनिष्का आर्ट ग्रुप के निर्देशक संदीप यादव, अभिषेक सैनी, विजय, महादेव, मोहन, श्रुति, जतिन, निशा, विनय व मोनिका ने कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। समारोह में रेवाड़ी के कलाकारों ने भी भाग लिया।



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

लाइफ Style



# कियारा


## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

कियारा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में कियारा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और कियारा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कियारा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी कियारा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कियारा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्सः एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यूनः पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।




# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक

**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी'का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

# पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ



**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।

# किंग का टाइटल रिवील
## शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग'का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज़ होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज़ में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन
## एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन'इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ'में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ'बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।


## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैम्ब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

**खबर संक्षेप**


चरखी दादरी। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

## बीआर संस्था ने मनाया हरियाणा महोत्सव

**चरखी दादरी।** हरियाणा दिवस पर बीआर शिक्षण संस्था द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, नाटक में प्रतिभा दिखाकर विद्यालय प्रांगण को देशभक्ति एवं क्षेत्रीय संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया। विद्यार्थियों ने हरियाणा के इतिहास, संस्कृति, वीरता और विकास यात्रा पर सुंदर कविताएं एवं प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए।


चरखी दादरी। विद्यार्थी को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

## रवि इंडियन कोचिंग सेंटर में हरियाणा दिवस मनाया

**चरखी दादरी।** रवि इंडियन कोचिंग स्कूल द्वारा संचालित संस्थाएं आईवीएम हाई स्कूल और विश्वेश स्कूल परिसर में हरियाणा दिवस बड़े ही उत्साह और पारंपरिक रंग में मनाया गया। संस्था निदेशक रविन्द्र वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति एवं लोक परंपराओं पर आधारित सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।


चरखी दादरी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्राएं।

## आरईडी स्कूल में हरियाण दिवस पर हुए कार्यक्रम

**चरखी दादरी।** आरईडी स्कूल में हरियाणा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा ने हरियाणा से जुड़ी रोचक जानकारियां कविता, भाषण, लोकनृत्य व लोकगीतों के माध्यम से दी गईं। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के बच्चों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए। नर्सरी से दूसरी कक्षा के छात्रों ने 'इसा ऐंडी म्हारा हरियाणा, तीसरी से पांचवीं कक्षा की छात्राओं ने 'बेटियां नै खूब पढ़ाइयो' तथा आठवीं कक्षा की छात्रा मनस्वी ने 'देसाँ मैं देस है भारत, भारत मैं हरियाणा' आदि गानों पर शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं।


भिवानी। शहीद स्मारक की आधारशिला रखते हुए।

## इनेलो की सरकार बनने पर होगा न्याय : लांबा

**भिवानी।** नंदगाँव भिवानी में राष्ट्रीय किसान आंदोलन शहीद स्मारक की आधारशिला पूर्व जिला परिषद चेयरमैन इनेलो महासचिव एवं सेठ छाजूराम के प्रपौत्र सुनील लांबा ने रखी। जिसकी अध्यक्षता राव राजेश कुमार अध्यक्ष, किसान कामगार मोर्चा हरियाणा ने की। सुनील लांबा ने कहा जिस दिन इनेलो की प्रदेश में सरकार होगी तब प्रदेश के हर वर्ग के साथ न्याय होगा। राव राजेश ने कहा किसान आंदोलन को सिर्फ किसानों के साथ इनेलो सुप्रीमो अभय सत्य की शक्ति का सहयोग था अन्यथा ये संघी सरकार झुकती नहीं।

## बिजली पेंशनर्ज की मासिक बैठक 7 को

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन युनिट भिवानी की जिला स्तरीय मासिक बैठक 7 नवंबर को वैश्य कॉलेज के सामने स्थित जाट धर्मशाला में जिला प्रधान बाल मुकुंद बापोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिला महासचिव आरके चावला ने बताया कि बैठक में एक चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें हिसार से चिकित्सकों की टीम पेंशनर्ज व उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच करेगी। बैठक में 26 अक्तूबर को आयोजित सम्मान समारोह की समीक्षा भी की जाएगी।

### एक पुराने वाहन से चल रहा बाढड़ा में फायर ब्रिगेड कार्यालय

# कार्यालय निर्माण के लिए पांच साल बाद भी नहीं हुए टेंडर

*सुविधा मिलने की उम्मीद अब धूमिल होती जा रही*

- करीब पांच साल से अधर में यह मांग लटकी पड़ी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा**

बाढड़ा उपमंडल क्षेत्र की खुद की फायर ब्रिगेड सुविधा मिलने की मांग जल्द ही पूरी होने की उम्मीद अब धूमिल होती जा रही है। करीब पांच साल से अधर में यह मांग लटकी हुई है।

नैना देवी चौटाला के विधायक कार्यकाल में उनके मांग पत्र पर प्रदेश सरकार के सीएम कार्यालय ने दिसंबर 2020 में पंचायत विभाग को पत्र व्यवहार कर उपमंडल स्तर पर आधुनिक सुविधायुक्त फायर ब्रिगेड केंद्र निर्माण को हरी झंडी देने के लिए सारी प्रक्रिया को पूरा कर उसके एस्टीमेट को मंजूरी देकर चार साल पहले ही वित विभाग से बजट जारी करवा दिया था। लेकिन अब तक भी उपमंडल स्तर पर यह सुविधा नहीं मिल पाई है। पुरानी कंडम गाड़ी से आग को बुझाने का काम चल रहा है। क्षेत्र के आमजन को उम्मीद थी कि जल्द कार्यालय और नई दमकल गाडियों की सुविधा मिलेगी। लेकिन उम्मीद पूरी नहीं हुई है। प्रति वर्ष आग की घटनाओं से आमजन को लाखों का नुकसान हो जाता है। घटना के बाद भिवानी या दादरी से गांव में फायर ब्रिगेड पहुंचने में देरी होने से सारी सम्पति राख हो जाती है। पिछले डेढ़ साल पहले मात्र एक स्थाई कर्मचारी की अगुवाई में एक पुराना वाहन ही बाढड़ा में उपलब्ध है। साठ सञार गांवों का मुख्य केंद्र बाढड़ा उपमंडल क्षेत्र ग्रामीण बाहुल्य होने के कारण यहां पर कई मूलभूत सुविधाओं का आज भी टोटा है।


बाढड़ा। अग्निशमन कार्यालय के बाहर खड़ा अग्निशमन वाहन। फोटो : हरिभूमि

**2020 से अटकी योजना का कार्य, किसानों ने की मांग**

भाकियू अध्यक्ष हरपाल भांडवा, गिरधारी, ओमप्रकाश, राम अवतार, कमल सिंह, ऋषिपाल, धर्मबीर आदि ने यह समस्या उठाई तो विशेष टीम ने कस्बे का दौरा कर जगह को फाइनल करना था। जिससे यहां आधुनिक सुविधा युक्तः उपमंडल फावर ब्रिगेड केंद्र संचालित हो सके। लेकिन पहले कोविड महामारी व उसके बाद उन्होंने नए साल से पहले कस्बे में फायर ब्रिगेड सुविधा को मंजूरी दिलाने का भरोसा दिया। विधायक नैना चौटाला ने उसी समय मु2यमंत्री को पत्र लिखकर बताया कि उपमंडल मु2यालय पर दमकल केंद्र ना होने से प्रति माह क्षेत्र के किसी ना किसी गांव या खेतों की लाखों की फसलें आग की भेंट चढ़ जाती हैं। उपमंडल के अंतिम छोर पर बसे गांवों से जिला मु2यालय की दूरी तीस से चालीस किलोमीटर होने के कारण जब भी घटना घटित होती है तो दमकल वाहन पहुंचने से पहले किसान की फसल हो या किसी आमजन की लाखों की कमाई राख में तबदील हो जाती थी।

**पिछले छह माह में आगजनी पर पाया काबू**

विभाग के कर्मचारियों ने बतायाकि बाढड़ा में अस्थाई तौर पर बने दमकल कार्यालय से पिछले छह माह आगजनी की घटनाओं पर काबू पाया गया है जिससे किसानों को लाखों का नुकसान होने से बचाया गया है लेकिन विभाग फिर भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे यहा नया दमकल विभाग का कार्यालय बन सके। इस ओर कोई कदम उठाया जा सके। जिसमें से पांच बडी आगजनी कर घटनाए जिस पर काबू पाया गांव नांधा, जीतपूरा, हडौदी कला,बाढडा के जेवली रोड पर आदि गांवो में बडी आग जनी पर काबू पाया गया।

**आना जमंडी रह रहे कर्मचारी**

दमकल केंद्र के कार्यालय के लिए विभाग द्वारा कस्बे के ढिगावा रोड पर,शमशान घाट के पास, कस्बे के जुई रोड पर तथा गाव चांदवास में भी जगह को देखा गया था लेकिन अभी तक कहीं पर भी दमकल कार्यालय के निर्माण के लिए जगह का चयन नहीं हुआ है जिससे दमकल विभाग के कर्मचारियों को मजबूरी वश अनाज मंडी में रहना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय से उपमंडल के अंतिम गांव की दूरी लगभग पचास से साठ किलोमीटर होने के कारण कई जरूरी सुविधाएं समय पर उपलब्ध ना होने से यहां के लोगों को परेशानियां हो रही हैं।

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2016 में बाढड़ा को तहसील से उपमंडल का दर्जा तो दिया लेकिन यहां पर कई जरूरी सुविधाएं आज भी नहीं हैं। क्षेत्र में कभी बिजली आपूर्ति की कमी और शार्ट सर्किट की समस्या तो कभी अन्य कारण से आग लगने की घटनाएं होती रही हैं। लेकिन उन पर काबू पाने के कार्यकाल में किसान संगठनों की अपील पर पूर्व सीएम मनोहर लाल को पत्र लिखा तो उन्होंने तुरंत स्वीकृति दे दी। । इसका जिम्मा पंचायत विभाग को सौंपा गया। वर्ष 2021 में ही राज्य मुख्यालय से स्वीकर्तिके बाद भी दादरी व भिवानी के दमकल केंद्रों पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। उपमंडल मुख्यालय पर फायर ब्रिगेड कार्यालय संचालन को लेकर पहले भी किसान संगठनों द्वारा उपायुक्त व एसडीएम को मांग पत्र दिया जा चुका है। लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया।


भिवानी। सीपीआर के बारे में जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## राष्ट्रीय एकता शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने सीखा सीपीआर

**भिवानी।** भगत सिंह चौक स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहड़ में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय स्तरीय सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का तीसरा दिन रविवार को भी विभिन्न ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक गतिविधियों से भरा रहा। इस दौरान स्वयंसेवकों ने जहां जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर के गुर सीखे, वहीं उन्हें लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन नवीन कुमार एवं आनंद कुमार ने किया। शिविर के तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा भिवानी द्वारा आयोजित विशेष सत्र रहा। डीटीओ विकास शर्मा, डा. हरेंद्र पूनिया और उनकी टीम ने स्वयंसेवकों को जीवन रक्षक पद्धति सीपीआर के महत्व और उसके गोल्डन नियम के विषय में विस्तार से बताया। इस दौरान थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे विद्यार्थियों ने आपातकाल में किसी की जान बचाने की इस महत्वपूर्ण विधि का अनुपम लाभ प्राप्त किया।

## एनसीसी कैडेट्स को डिजिटल सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

- कार्यक्रम में युवाओं को साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं के प्रति जागरूक किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल**

बीआरसीएम विद्याग्राम कैंपस में 11 हरियाणा बटालियन एनसीसीए भिवानी के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन साइबर क्राइम सेल भिवानी की विशेष टीम ने एनसीसी कैडेट्स को डिजिटल सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस सत्र का उद्देश्य युवाओं को साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं के प्रति जागरूक करना और डिजिटल सतर्कता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना था।


भिवानी। बीआरसीएम संस्थान में साइबर क्राइम गोष्ठी में मौजूद कैड्टस व अधिकारी।

**अंजान व्यक्ति को न दे पर्सनल जानकारी**

साइबर क्राइम टीम में कोऑर्डिनेटर विष्णु, आकाश, रोहित सिंह, आर्यन, कांस्टेबल जितेन्द्र और हवलदार कुलदीप सिंह शामिल रहे। टीम ने इंटरैक्टिव तरीके से बताया कि तकनीकी युग में अपराधी फेक वेबसाइट्स, ई मेल, व्हाट्सएप मैसेज, इंस्टाग्राम लिंक, फर्जी बैंक कॉल्स और ओटीपी फ्रॉड जैसे माध्यमों से लोगों को ठगते हैं। साइबर अपराधी पहले व्यक्ति का विश्वास जीतते हैं और फिर उसकी निजी जानकारी जैसे आधार नंबर, बैंक डिटेल्स, पासवर्ड प्राप्त कर आर्थिक या सामाजिक नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी साइबर अपराध या संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दी जा सकती है। टीम सदस्य रोहित सिंह ने युवाओं को आगाह करते हुए कहा कि ऑनलाइन गेम्स व सोशल मीडिया का गलत उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।

# गुजरानी में धूमधाम से मनाया श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

श्री श्याम गौ सेवा आनंद मंडल, भिवानी के तत्वावधान में गुजरो की ढाणी, गांव गुजरानी में श्री श्याम बाबा का भव्य जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालु श्याम ध्वज, झांकियों और पुष्प सज्जा से सजे स्थल पर पहुंचने लगे। पूरे पंडाल को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। मंडल के प्रधान सुनील चौहान व मुकेश भगत, कुलदीप तंवर तिगड़ाना ने बताया कि कार्यक्रम में भजन संध्या, झांकियां, दीप सज्जा और विशाल प्रसादी का आयोजन किया गया। राजेन्द्र (दिल्ली वाले) की ओर से सवामण का विशाल केक काटकर श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया।

उन्होंने बताया कि भजन संध्या में सतीश सावरा साउंड व भजन पार्टी ने "मेरे बाबा का भजन", "मेरे श्याम बाबा", "श्याम तेरा दीवाना आया", "लखदातार तेरे दर पे आया", "श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम" और "खाटू वाले श्याम तेरा नाम बड़ा प्यारा" जैसे भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इन भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने और बाबा की भक्ति में डूबने पर मजबूर कर दिया। चारों ओर "जय श्री श्याम" के उद्घोष गूंज उठे और वातावरण श्याम भक्ति से सराबोर हो गया। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भक्ति रस में लीन होकर देर रात तक भजन कीर्तन में शामिल रहे।


भिवानी। आयोजित जन्मोत्सव पर अपनी प्रस्तुती देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**श्रीश्याम जन्मोत्सव पर बही भक्ति की बयार**

**बहल।** श्रीश्याम मंदिर बहल में खाटू वाले श्रीश्याम बाबा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। जन्मदिन पर आयोजित रात्रि जागरण में गायक कलाकारों ने बाबा की महिमा का सुंदर गुणगान कर भक्ति, भाव का ऐसा समां बांधा की भक्तजन रातभर बाबा की मस्ती में डूबे रहे। भक्तजनों ने बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया व केक काटकर बाबा के चरणों में सुख समृद्धि की अरदास लगाई। रात्रि जागरण कार्यक्रम की शुरूआत शनिवार रात करीब आठ बजे हुई। श्याम भक्तों ने बाबा के जयकारों के बीच जोत प्रज्वलित की। चिड़ावा से आए गायक कलाकार बबलू ने गणेश वंदना के बाद हनुमानजी के भजनों की सुंदर श्रृंखला पेश की और भक्तों ने बालाजी के नारों का उदघोष किया। अशोक साबू ने वीर हनुमंता भजन गाकर श्रोताओं में हनुमान के पराक्रम पर नाचने को मजबूर कर दिया। जयपुर से आए गायक कलाकार नवीन शर्मा ने गणेश वंदना के बाद सांवरियों बैठ्यो है, कुछ लेणो है सो मांग ले और बाबा इतनी कृपा तेरी पाता रहूं, खाटू बुलाता रहे और मैं आता रहूं सुनाकर श्रोताओं में श्रद्धा का ऐसा संचार किया कि वो मस्ती में झूमते रहे।नवीन शर्मा ने आयो सांवरियो नीले चढ़ के, सगला न राजी राखियो बाबा श्याम और बाबा तूने बदल दी जिंदगी भजन सुनाकर माहौल पूरी तरह से श्याममय बना दिया।


भिवानी। श्रीश्याम मंदिर बहल में रात्रि जागरण में भजन प्रस्तुत करते हुए गायक बबलू चिड़ावा।

**बढ़ा कद** — वर्ष 2019 के डीपीई, वर्ष 2020 व 2023 में नियुक्त पीटीआई को कंफर्मेशन की उठाई मांग

# सुनील डीपीई बने शिक्षक संगठन के कार्यकारी प्रधान

- सुनील तोशाम के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में बतौर डीपीई हैं कार्यरत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

सेठ किरोड़ीमल मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को जिला शारीरिक शिक्षक संगठन की जिला एवं सभी ब्लॉकों के कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण मीटिंग हुई, जिसका संचालन संगठन के जिला महासचिव सुधीर मलिक ने किया। मीटिंग में जिले के पीटीआई एवं डीपीई से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों पर विचार विमर्श किया और दिए गए सुझावों में पीटीआई कोर्ट केस में अच्छी तरह से संभालने, वर्ष 2020 एवं वर्ष 2023 में नियुक्त पीटीआई को कंफर्मेशन स्थायीकरण जल्द से जल्द करवाने, वर्ष 2019 में नियुक्त डीपीई को जल्द से जल्द कंफर्मेशन स्थायीकरण करवाने की मांग उठाई।

वहीं बैठक में भिवानी में हुए राज्य स्तरीय खेलों में ड्यूटी पर लगे पीटीआई व डीपीई को एक दिन में रिलीव करने के बारे में विचार विमर्श किया और आगे से जितने दिन गेम हो उतने दिन तक सबकी ड्यूटी होनी की बात कही। वहीं लगभग 2 वर्ष से बंद पड़े यूनियन का खाता जल्द से जल्द खुलवाने, जिले में ब्लॉक के कार्यकारिणी की मीटिंग भी हर वर्ष करवाने के अलावा निदेशालय के पत्र के अनुसार एईओ व एईईओ के पद पर जिले के सीनियर डीपीई एवं पीटीआई की नियुक्ति करवाने को लेकर चर्चा की। इन मांगों को लेकर संगठन ने जिला शिक्षा अधिकारी से मिलने एवं मांगपत्र सौंपने का निर्णय लिया। अंत में विचार विमर्श करके सर्वसम्मति से संगठन के जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुनील डीपीई तोशाम को जिला कार्यकारी प्रधान नियुक्त किया, जो जिला प्रधान की अनुपस्थिति में संगठन के कार्य को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी संभालेंगे।


भिवानी। जिला शारीरिक शिक्षक संगठन के कार्यवाहक प्रधान डीपीई सुनील कुमार।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पूर्व राज्य प्रधान राजेश ढांडा, एईईओ अनिल कुमार, जिला कोषाध्यक्ष मोतीलाल जांगड़ा, राज्य वरिष्ठ प्रधान वीरेंद्र घनघस, पूर्व जिला महासचिव बलवान सिंह, पूर्व राज्य संगठन सचिव एवं पूर्व जिला प्रधान राज्यपाल तंवर, राज्य संगठन सचिव सोमदत्त शर्मा, जिला प्रधान कुलदीप, पूर्व जिला महासचिव विनोद पिंकू, उपप्रधान अजमेर जांगड़ा, देवेंद्र अत्री, शमशेर सिंह, रमेश सांगवान, रविंद्र शर्मा व सुंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## बवानी खेड़ा मंडी में धान की खरीद शुरू


बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा स्थित अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू करते हुए।

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित अनाज मंडी में धान की खरीद शुरू हो गई। पिछले काफी दिनों से अनाज मंडी में धान की फसल किसान लेकर पहुंच रहे हैं और आढ़ती भी किसानों का स्वागत करते हुए उनके धान को हाथों हाथ खरीद रहे हैं वही विभाग भी पूरी तरह से किसानों व आढ़तियों का सहयोग कर रहा है। मंडी प्रधान एवं समाजसेवी सुखबीर भाकर ने जीतू बलियाली, अंकित सनसनीवाल, कालू सिवाड़ा, दिनेश तवंर, मोहित यादव, पितराम मितल, प्रदीप भुरटाना, संदीप खेड़ी आदि आढ़तियों संग मिलकर बताया कि धान की बोली शुरू हो गई है मंडी में आधा दर्जन से अधिक प्रकार के धान की फसल आई हुई। अनाज मंडी में लगभग पचास हजार क्विंटल धान पहुच चुकी है और उनकी खरीद जारी है।

## विधायक ने किया लोगों के साथ पौधरोपण


भिवानी। विधायक उमेद पातुवास को पौधा भेंट करते पर्यावरण प्रेमी।

**चरखी दादरी।** बाढ़ड़ा विधायक उमेद सिंह पातुवास ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर आगे आना होगा, सिर्फ अपने घरों के आंगन तक उगाए गए पौधों की देखभाल तक सीमित न रहे, बल्कि इससे बढ़कर अपने आसपास जो भी वृक्ष हो, उनका संरक्षण करने का प्रयास मिलजुल कर करें। उन्होंने सभी से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने एवं उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकारी तौर पर अनेक योजनाओं के माध्यम से पर्यावरण को संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन इस उद्देश्य को हम पूरी तरह से तभी पाने में सफल होंगे, जबकि सभी मिलकर अपना कर्तव्य निर्वहन करेंगे।

## देव उठनी का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया


भिवानी। देवउठनी एकादशी पर पूजा अर्चना करते हुए।

**भिवानी।** कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी के अवसर पर हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और विशेष रूप से नवदांपत्य सूत्र में बंधने वाले जोड़ों के सुखद व मंगलमय जीवन के लिए कामना की। भजन संध्या का यह दिव्य आयोजन मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। महाराज के नेतृत्व में भक्तों ने भगवान विष्णु और तुलसी माता की विशेष पूजा-अर्चना की और मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने कहा कि देवउठनी एकादशी से ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है और विवाह के शुभ मुहूर्त भी खुल जाते हैं। और शुभ कार्यों की भी शुरुआत हो जाती है।

## रैडक्रॉस ने 10 राज्यों के 200 कैडेट्स शामिल

**भिवानी।** उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा की राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्थानीय भगत सिंह चौक स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहड़ में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के तीसरे दिन रविवार को एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में भिवानी रैडक्रॉस सोसाइटी की ओर से बेसिक फर्स्ट एड एवं सीपीआर जागरूकता प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण भिवानी उपायुक्त एवं रैडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन तथा रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10 विभिन्न राज्यों व हरियाणा राज्य के लिए 10 जिलों के करीब 200 स्वयंसेवकों को जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार ने फस्र्ट एड एवं सीपीआर जागरूकता के तहत प्राथमिक उपचार की बुनियादी तकनीकों, आपातकालीन स्थिति में मरीज को सही सहायता देने की विधि और हृदयगति रुकने पर सीपीआर देने की प्रक्रिया के बारे में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि बेसिक फस्र्ट एड और सीपीआर का ज्ञान प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है, क्योंकि किसी भी दुर्घटना या आकस्मिक स्थिति में प्रारंभिक सहायता से जीवन बचाया जा सकता है।

## श्याम रंग में रंगी छोटी काशी, दिखी श्रद्धा

**भिवानी।** रामनगर कॉलोनी स्थित पंजाबी कम्युनिटी सेंटर में श्री श्याम जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। इस महोत्सव में नगर के श्रद्धालुओं ने अपार प्रेम और आस्था का प्रदर्शन किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। पार्षद मनीष गुरेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते शनिवार रात को श्री श्याम जन्मोत्सव का कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा और जोश के साथ मनाया गया। इस दौरान भव्य भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसने भक्तों को एक सूत्र में बांध दिया। उन्होंने बताया कि जन्मोत्सव को भक्तिमय और सांस्कृतिक रंग देने के लिए कई विख्यात कलाकारों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियां दी। जिसमें भजन गायक कुमार मुकेश भिवानी, वरदान म्यूजिकल ग्रुप, मोनू सलीम रोहतक, कैलाश गुप्ता भिवानी ने अपनी प्रस्तुतियां दी। वही ललित आर्ट ग्रुप द्वारा भगवान श्री राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई, जिसने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पार्षद मनीष गुरेजा ने कहा कि श्री श्याम जन्मोत्सव ना केवल एक धार्मिक कार्यक्रम बनकर रहा, बल्कि भक्ति, सामूहिकता और संस्कृति का एक जीवंत उदाहरण भी बना। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हर कोई श्याम रंग में रंगा हुआ नजर आया। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा से जन्मोत्सव मनाया और बाबा श्याम के भजनों पर झूमकर अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## शिविर में 267 मरीजों की आंख की जांच


भिवानी। शिविर में भाग लेते क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

**चरखी दादरी।** मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन ने गांव पिचौपा, श्यामकलां, भोपाली में मेडिकल कैंप तथा रोजगार मेले लगाए, जिनकी अध्यक्षता राकेश, अजय, विकास रांगी, अनुज ने की। मुख्यतिथि नरेंद्र रंगा, मधुसुदन, सुनील सोनी, मनोज धारीवाल रहे। विधिवत आरंभ करवाकर सामाजिक मुहिम की तारीफ की। कैंपों में गीताजंली अस्पताल की टीम आदेश, सुदेश शर्मा, अर्चना, कुलदीप सहित सहयोगियों ने 267 के आंख व सामन्य रोग जांचे व दवा वितरण हुआ। रोजगार मेलों में एसएलवी एसई 10- एमटी ऑटो क्राफ्ट एसई 13 एचएनजीआईएल एसई 13 अंबिका फास्टनर एसई 7 कुल 43 युवाओं को कंपनियों से आए हुए पुलकित सलमान-मनोज श्रीवास्तव-शशांक शुक्ला ने इंटरव्यू लेकर चयनित किया। सफल आयोजन के लिए सहयोगियों का आभार जताते हुए संगठन युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल बलवान साहू ने कहा कि जीवन में आगे बढने के लिए हमें हमेशा दो मार्ग मिलेंगे, उसमें जो सही होगा वो कठिनता से भरा है जो गलत होगा वो आसान लगेगा।

## खबर संक्षेप

### फ्री कैंप में 121 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कैंप में 121 मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाईयां भी प्रदान की गई। शिविर में डा. एच आर यादव ने मेडिसन, डा. प्रशांत यादव ने हड्डी रोग, डा. पवन यादव ने न्यूरो सर्जरी, डा. विदुला यादव ने नेत्र रोग, डा. कोमल यादव ने दंत रोग व डा. सुमन यादव ने स्त्रीरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान की।

### ई-गवर्नेंस पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

रेवाड़ी। भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की ओर से राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार योजना 2026 के अंतर्गत ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य ई-गवर्नेंस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करना और प्रशासनिक सुधारों को बढ़ावा देना है। डीसी ने जिले के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### किसानों की समस्याओं को इनेलो का प्रदर्शन आज

रेवाड़ी। इंडियन नेशनल लोकदल के कार्यकर्ताओं की ओर से 3 नवंबर को किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। इनेलो के कार्यकर्ता सोमवार को सुबह 10 बजे नई अनाज मंडी में एकत्रित होकर किसानों की परेशानियों, प्रदेश के विभिन्न जिलों में खेतों में जल भराव की निकासी न होने, फसलों की विशेष गिरदावरी व मुआवजा, धान व बाजरे की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर न बिकने और खाद की किल्लत जैसी अनेक समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करेंगे व जिला सचिवालय में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इनेलो के प्रवक्ता एडवोकेट रजवंत डहीनवाल ने बताया कि प्रदेश भर में किसानों को कदम-कदम पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### श्रद्धालु आज करेंगे भगवान शिव की आराधना

रेवाड़ी। हर माह कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की दो त्रयोदशी पड़ती हैं। इस माह का पहले प्रदोष व्रत पर सोमवार को श्रद्धालु व्रत रखेंगे और पूरे विधि-विधान से अपने आराध्य देव महादेव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री का कहना है कि यह व्रत भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रदोष व्रत के दिन सुबह स्नान करने के बाद भगवान शंकर, पार्वती और नंदी को पंचामृत व गंगाजल से स्नान कराएं। भगवान शिव को बेल पत्र, गंध, चावल, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य, फल, पान, सुपारी, लौंग, इलायची अर्पित करें। पूरे दिन निराहार रहकर फिर से शाम के समय भगवान शिव की पूजा करें। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को घी और शक्कर, जौ के सत्तू का भोग लगाएं और 8 दीपक 8 दिशाओं में जलाएं।

---

### जनवरी से अगस्त तक 25503 संदिग्ध मरीजों की जांच में 1246 लोगों में टीबी की हुई थी पुष्टि

# शहर के टीबी मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की मुहिम शुरू, टीमें कर रही वार्डों में सर्वे, आंकड़े जुटा रही

**अभियान के तय मानकों को पूरा करने वाले वार्डों को विश्व क्षय रोग दिवस पर जिला उपायुक्त की ओर से टीबी मुक्त वार्ड प्रमाण पत्र दिया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। अभियान के तहत सर्वे करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। वटीबी मुक्त अभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने अब शहर के वार्डों में सर्वे अभियान शुरू कर दिया है। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों को टीबी मुक्त बनाने की पहल की गई थी, उसी तर्ज पर अब शहरी वार्डों को भी टीबी फ्री वार्ड घोषित किया जाएगा। अभियान के तहत शहर के 31 वार्डों में घर-घर जाकर टीबी की जांच की जा रही है। टीबी मरीजों के परिजनों, सहकर्मियों और जोखिम वाले क्षेत्रों में रहने वालों की जांच भी की जाएगी। अभियान के तय मानकों को पूरा करने वाले वार्डों को विश्व क्षय रोग दिवस पर जिला उपायुक्त की ओर से टीबी मुक्त वार्ड प्रमाण पत्र दिया जाएगा। वहीं, यदि कोई वार्ड लगातार तीन वर्ष तक टीबी मुक्त रहता है तो उसे टीबी दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्वर्ण प्रतिमा देकर सम्मानित किया जाएगा। पहले वर्ष में कांस्य और दूसरे वर्ष में रजत प्रतिमा दी जाएगी। जिला टीबी अधिकारी एवं डिप्टी सिविल सर्जन डा. दीपक वर्मा ने बताया कि केवल खांसी ही टीबी का लक्षण नहीं है। बलगम में खून आना, वजन घटना, लगातार बुखार रहना, सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और शरीर में गांठें होना भी इसके संकेत हैं। उन्होंने लोगों से समय पर जांच कराने, पौष्टिक आहार लेने और पूरा इलाज कराने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच और इलाज पूरी तरह निःशुल्क है।

#### स्वास्थ्य विभाग के तय किए गए मानदंड

प्रति 1000 जनसंख्या पर केवल 1 टीबी केस होना चाहिए।
प्रत्येक 1000 पर कम से कम 30 लोगो की बलगम जांच।
सभी मरीजों का ड्रग सेंसिटिविटी टेस्ट अनिवार्य।
कोई भी मरीज ईलाज बीच में न छोड़े।
सभी मरीजों को निक्षय पोषण योजना का लाभ मिले।
प्रत्येक मरीज गोद लिया जाए और पोषण किट प्राप्त करे।

#### जांच नहीं कराने पर फैलता संक्रमण

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से अगस्त तक 25503 संदिग्ध मरीजों की जांच की गई, जिनमें 1246 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई। चिकित्सकों के अनुसार करीब 20 प्रतिशत मरीज ऐसे होते हैं, जिनमें लक्षण होने के बावजूद वे जांच नहीं कराते, जिससे संक्रमण फैलता जाता है। एक संक्रमित व्यक्ति 10 से 15 अन्य लोगों को संक्रमित कर सकता है।

#### लोगों की जांच की जाएगी

शहर के सभी 31 वार्डों में टीबी मुक्त करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। रेवाड़ी को जल्द ही टीबी मुक्त घोषित करने का लक्ष्य है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें अभी घर-घर सर्वे करके आंकड़े जुटा रही है। उसके बाद लोगों की जांच भी की जाएगी।

-डा. दीपक वर्मा, डिप्टी सिविल सर्जन।

---

**नई अनाजमंडी स्थित श्याम बाबा के मंदिर में देवउठनी एकादशी पर श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़**

## 'खाटूवाले श्याम तुम कब आओगे, बेटा ये तुम्हारा आज हार रहा है, रो-रो के तुझको पुकार रहा है'



रेवाड़ी। श्याम संकीर्तन में भजन सुनाते हुए गायक कुमार संदीप। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नई अनाजमंडी स्थित श्री श्याम बाबा के मंदिर में श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से शनिवार रात्रि देवउठनी एकादशी पर श्री श्याम प्रभु के 122वें भव्य संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। श्याम प्रेमियों ने श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव व मंदिर का स्थापना दिवस भी मनाया। इस अवसर पर श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से खाटूवाले श्री श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर केक भी काटा गया। श्री श्याम संकीर्तन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। देर रात तक बाबा के दर्शन करने के लिए शिव मंदिर से अनाजमंडी के मुख्य द्वार तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। ग्रुप की ओर से बाबा के जन्मोत्सव पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। संकीर्तन में कानपुर से गायक कुमार संदीप व गोकलगढ़ रेवाड़ी से गायक संजय शर्मा ने अनेक मनमोहक भजनों से श्री श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया।

#### श्याम बाबा के भजनों ने भावविभोर हुए भक्त

देवउठनी एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश वंदना व 'श्रृंगार है नया-नया, दातार पुराना है, दरबार अनोखा है संसार दीवाना है' सहित अनेक भजन सुनाकर संकीर्तन में समां बांधा। इसके बाद कानपुर से गायक कुमार संदीप ने अनेक भजन सुनाकर बाबा की महिमा का गुणगान किया। भजन गायक ने 'मंदिर में सोए हनुमान जी, जरा जाकर जगा दो'..,'सारे दुख दूर हमारे हो गए, जब से खाटूवाले हम तुम्हारे हो गए'.., 'मेरा हाथ पकड़ लो सांवरिया दुनिया में मेरा कोई नहीं, बाबा जब भी जिसने तेरा नाम पुकारा है, तूने उस जीवन को हाथों से सवारा है'.., 'खाटू जाने के लिए किस्मत होनी चाहिए, वापस आने के लिए हिम्मत होनी चाहिए, श्याम तेरे दरबार में जाने कैसी बात है, हर घड़ी-हर पल सांवरिया आती तेरी याद है' व 'खाटूवाले श्याम तुम कब आओगे, बेटा ये तुम्हारा आज हार रहा है, रो-रो के तुझको पुकार रहा है' सहित अनेक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम संकीर्तन में चरत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रवि भट्ठेवाले, रितेश बंसल, विकास बंसल, नरेश मित्तल, मुकेश भट्ठेवाले, राजुल, मनीष सचदेवा, सुभाष शर्मा, पुरुषोत्तम, अनिल मखीजा, संजय सहगल, नवीन शर्मा, राहुल, संगीता मित्तल, मीनाक्षी, शीतल, वंदना, हीना, सोनू, आरती, अभिलाषा व कविता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

---

## पंजाबी धर्मशाला में गुरु नानक देव का प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

**गुरु नानक देव बचपन से ही परमात्मा के सुमिरन में लीन रहते थे**

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में गुरु नानक देव जी के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में 'सतगुरु नानक परगटे, मिटी धुंध जग चानन होया' कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला पर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव सिंह सभा बारा हजारी के प्रधान सरदार प्रीतपाल सिंह विग, पंजाबी मार्केट कांपलेक्स ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान सरदार बलबीर सिंह व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि गुरु नानक देव बचपन से ही परमात्मा के सुमिरन में लीन रहते थे। कहते हैं कि वह एक पेड़ के नीचे आराम कर रहे थे, दोपहर होने पर उनके चेहरे पर धूप आ गई। कहीं से एक काला नाग निकल कर आया और उनके चेहरे पर छाया करने लगा। वहां के हाकिम राय बुलार व गांव के अनेकों लोगों ने जब यह दृश्य देखा तो सभी ने गुरु जी के चरणों में प्रणाम किया। गुरु नानक देव जी हक-हलाल की कमाई के ही पक्ष में थे। कार्यक्रम में डा. देवेंद्र कुमार, हिमांशु पिपलानी, राजेंद्र सिंह यादव, सोनिया कपूर, पूर्वांशी, ओजस्वी, कपिल कपूर व सुदर्शन मेहंदीरत्ता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

---



रेवाड़ी। राठ स्कूल में परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### राठ स्कूल में 13250 विद्यार्थियों ने दी टैलेंट सर्च परीक्षा, नौ को घोषित होगा परिणाम

कुंड। राठ इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल के की ओर से आरटीएसई राठ टैलेंट सर्च परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया। दो स्तरों में आयोजित परीक्षा के का प्रथम स्तर रविवार को संपन्न हुआ। विद्यालय चेयरमैन बलवान सिंह यादव ने बताया कि प्रथम स्तर की परीक्षा में 13250 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसका परिणाम 9 नवंबर को घोषित किया जाएगा। विद्यार्थी विद्यालय की वेबसाइट या विद्यालय में आकर अपना परिणाम देख सकते हैं। यह परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने ज्ञान व अपने टैलेंट को परखने का सुनहरा अवसर था। प्रथम स्तर में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 23 नवंबर को द्वितीय स्तर की परीक्षा दे सकेंगे, जोकि राठ इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल की बहरोड़, अलवर, कुंड और भिवाड़ी शाखा में एक साथ आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कैश प्राइज दिए जाएंगे, जोकि करीब 15 लाख के होंगे। कक्षावार प्रथम स्थान को 51000, द्वितीय स्थान को 31000, तृतीय स्थान को 21000, चतुर्थ स्थान को 11000 और पांचवे स्थान के छात्र को 5100 रुपये नकद दिए जाएंगे। रविवार को आयोजित परीक्षा में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

---

## हिंदी मीडियम में दीपिका कुमारी का निबंध रहा सर्वश्रेष्ठ, आईजीयू मीरपुर में हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मीरपुर



रेवाड़ी। निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**डा. विपिन कुमार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी**

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम की ओर से 'आधुनिक काल में भारतीय पारंपरिक ज्ञान की प्रासंगिकता' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यूसीआईकेएस के निदेशक डॉ. विपिन कुमार ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों को भारतीय पारंपरिक ज्ञान में छिपे हुए वैज्ञानिक तथ्यों एवं महत्व को जानने का अवसर मिलता है। सिस्टम इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी आयोजित करता रहेगा। प्रतियोगिता में हिंदी माध्यम से दीपिका कुमारी प्रथम स्थान पर रही। मीनाक्षी द्वितीय स्थान पर एवं नरेश बाई तृतीय स्थान पर रही। अंग्रेजी माध्यम से प्रीति यादव प्रथम स्थान पर, तरुणा द्वितीय व योगिता तृतीय स्थान पर रहीं।

डा. विपिन कुमार ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. असीम मिगलानी एवं कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस प्रतियोगिता को आयोजित करने की स्वीकृति प्रदान की। इस प्रतियोगिता को आयोजित करवाने में डॉ. नेहा यादव, डॉ. कृष्ण दत्त, डॉ. कमलेश नरवाना, डॉ. मंजू पुरी, डॉ. जागीर नगर, डॉ. सुनीता नागपाल के साथ-साथ भूगोल विभाग के शोध छात्रों पूजा, अमित एवं सुष्मिता का विशेष योगदान रहा।

---

## मार्केट कमेटी के किराएदारों को मिला दुकानों का मालिकाना हक



रेवाड़ी। दुकानदारों को मालिकाना हक का प्रमाण भेंट करते विधायक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि पिछले करीब 40 सालों से अपने प्रतिष्ठानों की रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे व्यापारियों के सपने को मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने साकार किया है। दुकानदारों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी व विधायक लक्ष्मण सिंह यादव का आभार भी जताया। विधायक लक्ष्मण सिंह ने रविवार को सेक्टर-4 स्थित कैंप कार्यालय में स्वामित्व योजना के तहत मार्केट कमेटी की ओर से नाई वाली चौक स्थित नई सब्जी मंडी के 18 किराएदारों को उनकी दुकानों का मालिकाना हक दिलाते हुए रजिसट्रियां प्रदान की। इस मौके पर विधायक यादव ने कहा कि शहर की नाईवाली चौक स्थित नई सब्जी मंडी में मार्केट कमेटी की दुकानों पर यह व्यापारी लंबे समय से किराएदार चले आ रहे थे। इस मौके पर डीएमईओ सत्यप्रकाश यादव, मार्केट कमेटी सचिव नरेंद्र, दुकान शशिभूषण, सुभाषचंद्र, इंद्र ,गौरव, किरोड़ीमल आदि मौजूद रहे।

---

**राजनीति**

### वरिष्ठ होने के बावजूद कांग्रेस में हो चुके दरकिनार, घरेलू किला भी हो चुका विधानसभा चुनावों में ध्वस्त

**सीएम बनने की महत्वाकांक्षा के चलते कैप्टन ने अपनी ही पार्टी के सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विरोध की राजनीति शुरू कर दी**

# विरोध की राजनीति करना पड़ रहा महंगा क्षेत्र के कांग्रेसी नेता नहीं कैप्टन के साथ

**वर्ष 2009 में दोबारा हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर उन्हें वित्त मंत्री के रूप में पावरफुल विभाग मिला**



राव नरेन्द्र सिंह।



कैप्टन अजय यादव।



भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

नरेन्द्र वत्स. ▶▶ रेवाड़ी

अहीरवाल कांग्रेस के सबसे सीनियर लीडर पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के लिए विरोध की राजनीति करना लगातार महंगा साबित हो रहा है। अपनी ही पार्टी के दिग्गजों की मुखालफत ने कैप्टन की राजनीति को हासिए पर खड़ा कर दिया है। विरोध की राजनीति के चलते कैप्टन खुद बड़े पद के मामले में खाली हाथ हैं, तो सबसे मजबूत किला बीते विधानसभा चुनावों में हाथ से खिसक चुका है। वर्ष 1989 में रेवाड़ी हलके से रघु यादव के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद हुए उप चुनाव से विधानसभा की दहलीज पर कदम रखने वाले कैप्अन अजय सिंह यादव ने इस पिच पर लगातार धुआंधार बैटिंग करते हुए रेवाड़ी सीट पर कब्जा जमाए रखा। वह एक ही सीट से एक ही पार्टी की टिकट पर लगातार 6 बार चुनाव जीतने वाले प्रदेश के अकेले नेता हैं। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की सत्ता आने पर सरकार में वह प्रभावशाली विभागों के मंत्री रहे। वर्ष 2009 में दोबारा हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर उन्हें वित्त मंत्री के रूप में पावरफुल विभाग मिला। इसके बाद सीएम बनने की महत्वाकांक्षा के चलते कैप्टन ने अपनी ही पार्टी के सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विरोध की राजनीति शुरू कर दी। वह हुड्डा का कुछ बिगाड़ने में कामयाब नहीं हुए थे। इसके विपरीत हुड्डा ने वित्त विभाग वापस लेकर उन्हें बिजली मंत्री बनाकर बड़ा झटका देने का काम किया था। हुड्डा के साथ कभी विरोध की राजनीति हावी होती रही, तो कभी वह हुड्डा का गुणगान करते हुए उन्हें 'बड़े भाई' का दर्जा देने में पीछे नहीं रहे। हुड्डा ने कैप्टन के विरोध को गंभीरता से तो नहीं लिया, परंतु उनकी राजनीति को हासिए पर पहुंचाने की रणनीति को लगातार सिरे चढ़ाने की दिशा में हर आवश्यक कदम उठाने में कसर नहीं छोड़ी।

#### घाटे का सौदा साबित हुआ हुड्डा का विरोध

हुड्डा के विरोध की राजनीति कैप्टन के लिए उस समय बड़े घाटे का सौदा साबित हो गई, जबकि उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले कांग्रेस नेता राव नरेंद्र सिंह, राव दान सिंह, राव धर्मपाल, सुखबीर कटारिया और अनीता यादव उनका साथ छोड़कर हुड्डा खेमे में शामिल हो गए। वर्ष 2014 के विधानसभा चुनावों में मोदी लहर ने उनके हाथ से दमदार किला रेवाड़ी हल्का छीन लिया। इसके बाद कैप्टन ने खुद केंद्र की राजनीति में प्रवेश करने के प्रयास शुरू कर दिए। वह वर्ष 2019 में बेटे चिरंजीव राव को रेवाड़ी से जीत दिलवाने में कामयाब हो गए, परंतु पिछले विधानसभा चुनावों में रेवाड़ी फिर से हाथ से निकल गया।

#### ओबीसी सेल के अध्यक्ष पद को भी गंवा बैठे

कांग्रेस के ओबीसी सेल के राष्टीय अध्यक्ष जैसे दमदार पद पर रहने के बावजूद हुड्डा की रणनीति ने गत लोकसभा चुनावों में कैप्टन को गुरूग्राम से टिकट हासिल करने से भी वंचित रख दिया। टिकट हाथ से खिसकने के बाद कैप्टन ने पार्टी हाईकमान व विरोधियों पर भड़ास निकाली, तो ओबीसी सेल के अध्यक्ष पद को भी गंवा बैठे। कांग्रेस के नए प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह को जिम्मेदारी मिलने के बाद कैप्टन का विरोध जताने के बाद चुप्पी साधना भी उनके लिए आने वाले समय में महंगा साबित हो सकता है। इस दिग्गज नेता का साथ निभाने के लिए अहीरवाल में कोई कद्दावर नेता साथ खड़ा नजर नहीं आ रहा।

---

## प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए 15 तक जमा कराएं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



डीसी अभिषेक

केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। पीएम पुरस्कारों के लिए निर्धारित शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले अपना आवेदन जमा करा सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से वर्ष 2006 में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार नाम से एक योजना शुरू की थी, जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के जिलों व संगठनों की ओर से किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को स्वीकार करना, मान्यता देना और पुरस्कृत करना है। पुरस्कार प्रथम श्रेणी जिलों का समग्र विकास, द्वितीय श्रेणी आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम व श्रेणी नवाचार में प्रदान किए जाएंगे। डीसी मीणा ने बताया कि प्राथमिकता कार्यक्रमों, नवाचारों और आकांक्षी जिलों में जिला कलेक्टरों के प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए 2014 में इस योजना का पुनर्गठन किया गया। जिले के आर्थिक विकास की दिशा में जिला कलेक्टरों के प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए 2020 में इस योजना का फिर से पुनर्गठन किया गया। रचनात्मक प्रतिस्पर्धा, नवाचार, प्रतिकृति और सर्वोत्तम प्रथाओं के संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 2021 में एक नए दृष्टिकोण के साथ योजना को नया रूप दिया गया। दृष्टिकोण के तहत केवल मात्र लक्ष्यों की प्राप्ति के बजाए सुशासन, गुणात्मक उपलब्धि और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है।